प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

--

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित पदम कम्पलैक्स में 'इंदिराज हिमाचल–टूवर्ड्ज न्यू फ्रंटियर्ज' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योगदान को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का राष्ट्र निर्माण में असाधारण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी की विकास संबंधी पहलों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदर्शनी में दर्शाए गए अधिकतर छायाचित्र इंदिरा गांधी मैमोरियल ट्रस्ट नई दिल्ली की आरकाईव का हिस्सा हैं। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से इंदिरा गांधी के सामाजिक और राजनीतिक जीवन यात्रा दशाई गई है।

हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन भरे जा रहे हैं। नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन कल भी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा । भाजपा ने जहां अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस पार्टी भी प्रत्याशियों के चयन के लिए मंथन कर रही है। हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा 18 जून, नालागढ़ से पार्टी प्रत्याशी के.एल. ठाकुर 20 जून जबकि देहरा से प्रत्याशी होशियार सिंह 21 जून को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इन नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को होगी। जबकि इच्छुक प्रत्याशी 26 जून तक अपने नामांकन वापिस ले सकेंगे। मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

. -----

कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने किसानों को लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को फील्ड स्तर पर जाकर कार्य करने को कहा है। विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए चंद्र कुमार ने कृषि क्षेत्र में नवाचारों को शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने भू–संरक्षण और सिंचाई योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी बल दिया।

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कल फागू के समीप चियोग में राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी प्रकार की खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमे शूटिंग खेल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का ऊपरी क्षेत्र का वातावरण शूटिंग खेल के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में बच्चों को नशे व अन्य मादक पदार्थों के सेवन से रोकने के लिए खेलकूद अच्छा माध्यम हैं। इस प्रतियोगिता में प्रदेश सहित पंजाब व हरियाणा राज्य के लगभग 900 से अधिक पुरुष व महिला शूटर भाग ले रहे हैं।

राज्य के अधिकांश भागों में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का दौर जारी है और दिन के समय लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। प्रदेश के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 '.से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है और भीषण लू जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार 18 जून से राज्य के अनेक भागों में प्री–मॉनसून वर्षा की संभावना है जिससे लोगों को तपती गर्मी से राहत मिल सकती है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**प्रदेश में बहाल होंगे छात्र संघ चुनाव–मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, सबसे विचार–विमर्श के बाद लिया जायेगा निर्णय।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**ए.पी.यू. में एस.सी.ए. चुनाव बहाल करने पर होगा विचार–कहा–बीते वर्षों में अप्रत्यक्ष चुनावों के कारण नेतृत्व क्षमता पर पड़ा असर।** अमर उजाला का शीर्षक है–**निजी विश्वविद्यालय नहीं वसूल सकेंगे बिल्डिंग, डेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड।** हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**एच.पी.यू. में मैत्री कार्यक्रम का सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किया शुभारंभ।**

18 जून को सुंदरनगर आएंगे केंद्रीय मंत्री जे.पी..नड्डा– पी.एम. किसान निधि लाभार्थी कार्यक्रम में लेंगे भाग–दैनिक जागरण की एक खबर है।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**पुलिस भर्ती में आयु बढ़ाने की तैयारी–रूल्स में 3 बदलावों पर मुख्य सचिव ने ली बैठक, युवाओं को मिल सकती है एक साल की छूट।** अखबार की एक अन्य खबर है– **दो हफ्तें में बताएं, वन भूमि है या शामलात– प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी भूमि कब्जाने वालों को दिए किस्म बताने के आदेश।** पंजाब केसरी लिखता है– **सरकार ने राजस्व शुल्क में की बढ़ोतरी– सुझाव व आपत्तियां नहीं मिलने पर अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित।**

पहाड़ों में पसीने छुड़ा रही गर्मी, 9 शहरों का पारा 40 डिग्री पार, दो दिन हीटवेव का अलर्ट–शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–**प्रदेश में अधिकतम तापमान 7 डिग्री ज्यादा, 19 जून को प्री–मॉनसून की बौछारें भिगोएगी।** मौसम पर आपका फैसला लिखता है–**हिमाचल में दो दिन और कहर बरपाएगी गर्मी।**